रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग I—खण्ड 1
PART I—Section 1
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 65] नई दिल्ली, बुधवार, अप्रैल 5, 2006/चैत्र 15, 1928
No. 65] NEW DELHI, WEDNESDAY, APRIL 5, 2006/CHAITRA 15, 1928

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
(वाणिज्य विभाग)
(पाटनरोधी एवं संबद्ध शुल्क महानिदेशालय)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 5 अप्रैल, 2006

अंतिम जांच परिणाम

विषय : जापान तथा यू एस ए से एनिलीन के आयात पर लगाए गए पाटनरोधी शुल्क के संबंध में निर्णायक समीक्षा।

सं. 15/2/2005-डी जी ए डी.— चूंकि निर्दिष्ट प्राधिकारी ने 1995 में यथा संशोधित सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 तथा सीमाशुल्क टैरिफ (पाटित वस्तुओं की पहचान, उनका मूल्यांकन एवं पाटनरोधी शुल्क के संग्रहण तथा क्षति निर्धारण) नियमावली, 1995 (जिसे एतद्पश्चात नियमावली भी कहा गया है) को ध्यान में रखते हुए दिनांक 31.8.2000 को जारी अधिसूचना सं0 33/1/99-डी जी ए डी के माध्यम से अंतिम जांच परिणाम ज़ारी किए थे और जापान तथा यू एस ए (जिन्हें एतद्पश्चात सम्बद्ध देश भी कहा गया है) से एनिलीन (जिसे एतद्पश्चात सम्बद्ध वस्तु भी कहा गया है) के आयात पर निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की थी । निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क दिनांक 6 अक्तूबर, 2000 को जारी सीमाशुल्क अधिसूचना सं0 128/2000-सीमाशुल्क द्वारा लगाया गया था ।

2. और चूंकि उत्पादकों, जो घरेलू उद्योग अर्थात् मेसर्स नर्मदा चेमातुर पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एन सी पी एल), भडौंच तथा मेसर्स हिन्दुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल लिमिटेड (एच ओ सी एल), मुम्बई का प्रतिनिधित्व करते हैं, ने एक आवेदन प्रस्तुत करके सम्बद्ध देशों के मूल के अथवा वहां से निर्यातित

सम्बद्ध वस्तुओं पर लगाए गए पाटनरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा की आवश्यकता का उल्लेख करते हुए जापान तथा यू एस ए के मूल के अथवा वहां से निर्यातित एनिलीन के आयात पर लगाए गए पाटनरोधी शुल्क को जारी रखने का अनुरोध किया था । निर्दिष्ट प्राधिकारी का विचार था कि संस्तुत पाटनरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा यह समीक्षा करने के लिए उपयुक्त होगी कि क्या यथासंशोधित सीमाशुल्क टैरिफ (संशोधन) अधिनियम 1995 की धारा 9 क (5) के प्रावधान के अंतर्गत पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति से पाटन तथा क्षति का जारी रहना अथवा उनकी निरन्तरता सम्भावित रहेगी । निर्णायक समीक्षा की शुरूआत अधिसूचना सं0 15/2/2005 - डी जी ए डी दिनांक 6 अप्रैल, 2005 द्वारा की गयी । सीमाशुल्क अधिसूचना 128/2000 दिनांक 6.10.2000 के अनुसार पाटनरोधी शुल्क अनन्तिम शुल्क लगाने की तारीख अर्थात 10 अप्रैल, 2000 से पांच वर्ष तक लगाया जाना था । दिनांक 6.4.2005 को शुरू निर्णायक समीक्षा तथा सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 (1975 का 51) की धारा 9 क (5) के तहत प्रदत्त शक्तियों को ध्यान में रखते हुए केन्द्रीय सरकार ने दिनांक 19 सितम्बर, 2005 की अधिसूचना सं0 85/2005- सीमाशुल्क द्वारा पाटनरोधी शुल्क की अवधि 9 अप्रैल, 2006 तक बढ़ा दी ।

क. मूल जांच

3. मूल जांच में निर्दिष्ट प्राधिकारी ने जापान तथा यू एस ए के मूल के अथवा वहां से निर्यातित एनिलीन, जो सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम की अनुसूची । के उपशीर्ष 2921.41 के तहत आता है, के आयात पर अनन्तिम पाटनरोधी शुल्क लगाने की सिफारिश की थी । प्रारम्भिक जांच परिणाम 8.3.2000 को जारी किए गए थे और दिनांक 10 अप्रैल, 2000 की सीमाशुल्क अधिसूचना सं0 41/2000 द्वारा सम्बद्ध वस्तुओं पर अनन्तिम शुल्क लगाया गया था । निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा अंतिम जांच परिणाम अधिसूचना सं0 33/1/99-डी जी ए डी द्वारा दिनांक 31.8.2000 को जारी किए गए और सीमाशुल्क द्वारा अधिसूचना सं0 128/2000 दिनांक 6.10.2000 के माध्यम से निश्चयात्मक पाटनरोधी शुल्क लगाया गया ।

ख. प्रक्रिया

4. इस निर्णायक समीक्षा जांच के संबंध में निम्नलिखित प्रक्रिया अपनाई गई:-

(i) निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा दिनांक 6 अप्रैल, 2006 की जांच की शुरूआत से संबंधित अधिसूचना की एक-एक प्रति उपलब्ध सूची के अनुसार सम्बद्ध देशों के दूतावासों, घरेलू उद्योग, निर्यातकों एवं आयातकों को भिजवाई गई और उनसे अपने विचार लिखित में अधिसूचना के चालीस दिन के भीतर भेजने का अनुरोध किया गया ।

(ii) ऊपर उल्लिखित नियम 6 के उप नियम (3) के अनुसार निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा याचिका की एक प्रति ज्ञात निर्यातकों एवं सम्बद्ध देशों के भारत स्थित दूतावासों को तथा ऊपर उल्लिखित नियम 6 के उप नियम (4) के अनुसार प्राधिकारी द्वारा निम्नलिखित ज्ञात निर्यातकों को प्रश्नावलियां भिजवाकर उनसे इस समीक्षा की शुरूआत की तारीख से 40 दिन के भीतर अपेक्षित जानकारी भिजवाने का अनुरोध किया गया:-

मेसर्स यूनीरॉयल केमिकल कंपनी इंक.
मिडिलबरी,सी टी 06749, यू एस ए

मेसर्स एरिस्टेक केमिकल कार्पोरेशन
पिट्सबर्ग, पी ए 15219, यू एस ए

मेसर्स अल्फा ऐसार
ए0 जॉनसन मॅथी कम्पनी
जॉनसन मॅथी कॅटलाग कम्पनी इंक
मेसाच्युसेट्स 01835, यू एस ए

मेससं रूबाकॉन एल एल सी

गिजमर, लॉस एंजिल्स 70734

मेसर्स ड्यू पांट ग्लोबल हेडक्वार्टर्स,

विल्मिंगटन, डी ई 19898

मेसर्स ड्यू पांट कार्पोरेट इंफॉर्मेशन सेन्टर,

विल्मिंगटन, डी ई 19880-0705

मेसर्स बी ए एस एफ

न्यू जर्सी 07932, यू एस ए

बेयर कॉर्पोरेट एण्ड बिजनेस सर्विसेज

पिट्सबर्ग, पी ए 15205

यू एस ए

मेसर्स होन्शू केमिकल इण्डस्ट्री कम्पनी लिमिटेड

1 - कोम, टोक्यो 103, जापान

मेसर्स सुमीटोमो केमिकल

ओसाका 541-8550 जापान

मित्सुई केमिकल्स इंक फिनॉल डिपार्टमेंट

टोक्यो 105 - 7117, जापान

मेसर्स न्यू जापान केमिकल कम्पनी लिमिटेड

जापान

(iii) वाणिज्यिक आसूचना एवं सांख्यिकी महानिदेशालय (डी जी सी आई एण्ड एस) से सम्बद्ध वस्तुओं के आयात का ब्यौरा जुटाने का अनुरोध किया गया ।

(iv) नियम 6(2) के अनुसरण में सम्बद्ध देशों के दूतावासों को जांच की शुरूआत के बारे में अवगत कराया गया और उन्हें उनके देश के निर्यातकों/उत्पादकों को प्रश्नावली का उत्तर निर्धारित अवधि में भिजवाने की सलाह देने का अनुरोध किया गया । निर्यातकों को प्रेषित पत्र, याचिका तथा प्रश्नावली की एक-एक प्रति भी उन्हें भिजवाई गई ।

(v) नियम 6(4) के अनुसरण में सम्बद्ध वस्तुओं के भारत स्थित ज्ञात आयातकों/प्रयोक्ताओं/उद्योग एसोसिएशनों को एक प्रश्नावली भिजवाकर अपेक्षित जानकारी भिजवाने का अनुरोध किया गया:

आरती इण्डस्ट्रीज लि0
मुलुण्ड (प.), मुम्बई

अबीर केमिकल्स लि0
अहमदाबाद

एल्जीनेट्स एलाइड केमिकल्स प्रा0 लिमिटेड
ए-41, एम आई डी सी, बदलापुर - 421503

अल्फा डाइज एण्ड केमिकल्स
अहमदाबाद

एनिरॉक्स पिगमेंट्स लि0
कोलकाता

एशियाटिक कलर केम इण्डस्ट्रीज

अहमदाबाद

अतुल लिमिटेड

हैदराबाद

बेयर इण्डिया लि0

मुम्बई

बेक (इण्डिया) लि0

पुणे

भगेरिया डाइकेम लि0

मुम्बई - 400063

डायमण्ड डाइकेम

मुम्बई

गांधार पेट्रोकेमिकल्स लि0

वडोदरा

गणेश केमिकल इण्डस्ट्रीज

मुम्बई

हिन्दुस्तान इंक्स एण्ड रेजिन्स लि0

वापी - 396195

इण्डस्ट्रियल सॉल्वेंट्स एण्ड केमिकल्स लि0

मुम्बई

इंटरनेशनल डाइस्टफ इण्डस्ट्रीज

वड़ोदरा

जय केमिकल इण्डस्ट्रीज लि0

अहमदाबाद

मंगलम ड्रग्स एण्ड ऑर्गेनिक्स

मुम्बई

मयूर डाइकेम इंटरमीडिएट्स

अहमदाबाद

मेघमणि डाइज एण्ड इंटरमीडिएट्स

अहमदाबाद

मेट्रोकेम इण्डस्ट्रीज लि0

अहमदाबाद

मेसर्स नेशनल ऑर्गेनिक केमिकल इण्डस्ट्रीज लि0

पोस्ट - तुर्भे, ऑफ ठाणे, बेलापुर रोड

नूतन डायकेम

सूरत

पण्डसारा इण्डस्ट्रीज लि0

पण्डसारा

रवि डाइवेयर कम्पनी लि0

मुम्बई

रूप डाइज एण्ड इण्टरमीडिएट्स

सुरेन्द्रनगर

होनेक्टेडी बैक (इण्डिया) लि0

मुम्बई

सोनकमल एण्टरप्राइजेज प्रा0 लि0

मुम्बई

विपुल डाइकेम लि0

मुम्बई

(vi) कुछ हितबद्ध पक्षों ने उत्तर प्रस्तुत करने के लिए समय-सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया, जिसकी अनुमति प्राधिकारी द्वारा दे दी गई ।

(vii) दिनांक 28 फरवरी, 2006 को आयोजित सार्वजनिक सुनवाई में प्राधिकारी ने हितबद्ध पक्षों को अपने विचार मौखिक रूप से प्रस्तुत करने का अवसर दिया । विचार प्रस्तुत करने वाले सभी पक्षों से उनके द्वारा व्यक्त विचार लिखित में प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया । पक्षों को विरोधी पक्षों द्वारा व्यक्त विचारों की प्रतियां प्राप्त करके खण्डन, यदि कोई हो, प्रस्तुत करने का परामर्श दिया गया ।

(viii) नियम 6(7) के अनुसार प्राधिकारी द्वारा सभी हितबद्ध पक्षों को उनके अनुरोध पर सार्वजनिक फाइल, जिसमें विभिन्न हितबद्ध पक्षों द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य के अगोपनीय अंश रखे गए हैं, निरीक्षण हेतु उपलब्ध कराई गई ।

(ix) निर्णायक जांच समीक्षा की शुरूआत के बाद सार्वजनिक सुनवाई व तथ्योद्घाटन के उपरान्त हितबद्ध पक्षों द्वारा प्रस्तुत तर्कों पर इस जांच रिपोर्ट में यथा स्थान विचार किया गया है ।

(x) ऊपर उल्लिखित नियमावली के नियम 16 के अनुसरण में इस जांच रिपोर्ट मे जिन तथ्यों/आधारों पर विचार किया गया, उन्हें एक तथ्योद्घाटन विवरण के माध्यम से दिनांक 20 मार्च, 2006 को हितबद्ध पक्षों को अवगत कराया गया । तथ्योद्घाटन विवरण पर प्राप्त टिप्पणियों पर भी इस जांच रिपोर्ट में विचार किया गया है ।

(xi) सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों (जी ए ए पी) एवं घरेलू उद्योग द्वारा प्रदत्त जानकारी के आधार पर भारत में सम्बद्ध वस्तुओं की ईष्टतम उत्पादन लागत तथा विनिर्माण व बिक्री लागत की गणना हेतु घरेलू उद्योग की मौके पर सत्यापन (जैसा आवश्यक समझा गया) सहित लागत जांच भी की गयी ।

(xii) इस अधिसूचना में **** हितबद्ध पक्षों द्वारा गोपनीय आधार पर प्रस्तुत जानकारी प्रदर्शित करता है, जिसे नियमावली के तहत प्राधिकारी द्वारा गोपनीय समझा गया है ।

(xiii) इस जांच में 1 अक्तूबर, 2003 से 30 सितम्बर, 2004 की अवधि शामिल की गई । क्षति विश्लेषण में जांच अवधि के साथ-साथ पूर्ववर्ती तीन वर्षों अर्थात 2001-2002, 2002-03 तथा 2003-2004 को शामिल किया गया ।

(xiv) शुरूआत नोटिस की प्रतियां व्यापक परिचालनार्थ फिक्की, सी आई आई, एसोचेम आदि को भिजवाई गई ।

ग. विचाराधीन उत्पाद एवं समान वस्तुः

5. विचाराधीन उत्पाद एनिलीन है, जिसे एनिलीन ऑयल (जिसे एतद्पश्चात सम्बद्ध वस्तु भी कहा गया है) के नाम से भी जाना जाता है । यह सीमाशुल्क अधिनियम, 1975 की अनुसूची । के सीमाशुल्क उप शीर्ष 2921.41 के अंतर्गत आता है । तथापि यह वर्गीकरण केवल संकेतात्मक है और यह वर्तमान जांच के कार्यक्षेत्र पर किसी भी प्रकार से बंधनकारी नहीं है । डाईस्टफ एवं डाई इण्टरमीडिएंट, औषधि, भेषज, रबड़ केमिकल आदि जैसे उद्योगों के लिए एनिलीन एक आधारभूत कार्बनिक रसायन है । एनिलीन का प्रयोग अन्य उद्योगों जैसे विस्फोटकों तथा रेजीनों आदि के विनिर्माण में भी किया जाता है । डाईस्टफ, रबड़ केमिकल्स (वल्कनीकरण, एक्सीलरेटर, एण्टी ऑक्सीडेंट आदि), एनाल्जिन जैसी औषधियों, सल्फा औषधियों, फोटोग्राफिक रसायनों (हाइड्रोक्विनोन), आईसोसाइनेट (एम डी आई) के लिए एनिलीन एक इण्टरमीडिएट है ।

घरेलू उद्योग ने दावा किया है कि याचिकाकर्त्ताओं द्वारा उत्पादित एनिलीन तथा सम्बद्ध देशों से आयातित एनिलीन भौतिक गुणधर्मों, रसायनिक संघटन, विनिर्माण प्रक्रिया एवं प्रौद्योगिकी, संयत्र एवं उपकरणों, कार्यों, उपयोग तथा टैरिफ वर्गीकरण की दृष्टि से समान है । तकनीकी तथा वाणिज्यिक दृष्टि से दोनों का उपयोग एक दूसरे के स्थान पर किया जा सकता है । विचाराधीन उत्पाद तथा समान वस्तु की दृष्टि से उनमें कोई भ्रांति नहीं है । प्राधिकारी का अभिमत है कि भारतीय उद्योग द्वारा उत्पादित एनिलीन, सम्बद्ध देशों से आयातित एनिलीन के समान वस्तु है ।

घ. घरेलू उद्योग

6. उत्पादक, जो घरेलू उद्योग अर्थात मेसर्स नर्मदा चेमातुर पेट्रोकेमिकल लिमिटेड (एन सी पी एल), भडौंच एवं मेसर्स हिन्दुस्तान ऑगेनिक्स केमिकल्स लिमिटेड (एच ओ सी एल), मुम्बई का प्रतिनिधित्व करते हैं, ने एक याचिका दायर करके पाटनरोधी शुल्क की निर्णायक समीक्षा की आवश्यकता का उल्लेख किया है । एनिलीन के घरेलू उत्पादन के प्रमुख अनुपात में दोनों उत्पादकों का योगदान है । प्राधिकारी ने उपर्युक्त नियमावली के अनुसरण में दोनों उत्पादकों को घरेलू उद्योग का प्रतिनिधि माना है ।

ङ. जांच की शुरूआत, प्राप्त उत्तर एवं उठाए गए मुद्दे:

7. जांच के प्रत्युत्तर में निम्नलिखित ने उत्तर प्रस्तुत किया है:

(i) मेसर्स मित्सुई केमिकल्स, इंक जापान - निर्यातक

(ii) मेसर्स बेयर कार्पोरेट एण्ड बिजनेस सर्विसेज, पिट्सबर्ग, यू एस ए ने उत्तर प्रस्तुत करने के लिए समय-सीमा बढ़ाने की मांग की, जिसकी अनुमति दे दी गई । तथापि उन्होंने प्रश्नावली के उत्तर प्रस्तुत नहीं किए ।

(iii) मेसर्स नेशनल ऑर्गेनिक केमिकल इण्डस्ट्रीज लि0 (एन ओ सी आई एल), नवी मुम्बई, - आयातक

(iv) मेसर्स कलरटेक्स इण्डस्ट्रीज प्रा0 लि0, सूरत - आयातक

(v) डाइस्टफ मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया, मुम्बई

(vi) घरेलू उद्योग, मेसर्स एन सी पी एल, भड़ौच तथा एच ओ सी एल, मुम्बई के माध्यम से ।

च. सामान्य कीमत, निर्यात कीमत एवं पाटन मार्जिन के संबंध में दावों की जांच:

घरेलू उद्योग का तर्क:

8. भारत में एनिलीन का आयात

पिछले अनेक वर्षों से एनिलीन का भारी मात्रा में आयात किया जाता रहा है । इससे इस तथ्य की पुष्टि होती है कि लागू पाटनरोधी शुल्कों ने आयातकों को कभी प्रभावित नहीं किया । भारत में इस उत्पाद के पाटन एवं इस प्रकार घरेलू उद्योग को क्षति पहुँचाने के संबंध में अनुचित व्यापार पद्धतियों को रोकने के लिए पाटनरोधी शुल्क लगाया गया । इससे इस तथ्य की पुनः पुष्टि होती है

कि आयातक द्वारा लगाया गया यह आरोप कि विभिन्न स्रोतों पर पाटनरोधी शुल्क लगाने से भारत में एनिलीन के प्रयोक्ताओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, आधारहीन है । वैसे भी यू एस ए, यूरोपीय संघ तथा जापान ही एकमात्र देश है जिनके विरूद्ध पाटित आयातों पर पाटनरोधी शुल्क विद्यमान है ।

भारत में एनिलीन के आयातों से संबधित सूचना नीचे सारणी में दी गयी है:-

देश	2001-02		2002-03		2003-04		जांच अवधि	
	मात्रा मी.टन	रू./मी.टन	मात्रा मी.टन	रू./मी.टन	मात्रा मी.टन	रू./मी.टन	मात्रा मी.टन	रू./मी.टन
अमरीका	2001	27919	3245	31803	1052	32425	1052	32425
जापान	0	0	0	0	22	40410	22	40410
अन्य	8807	28556	8426	22676	12707	35105	8155	36066
कुल	10808	28438	11670	25213	13781	34909	9929	35661

यह देखा जाएगा कि:

(क) अमरीका से आयात जारी रहे थे;

(ख) कीमत से सुधार लागू पाटनरोधी शुल्क और निविष्टियों की कीमतों में वृद्धि के परिणामस्वरूप हैं;

(ग) पाटित कीमतों पर निर्यात जारी रहे थे;

(घ) वर्तमान उपायों के कारण जापान से आयात नगण्य स्तर पर पहुँच गए;

(ड.) वर्तमान उपायों के प्रतिसंहरण की स्थिति में अमरीका और जापान से अधिक पाटन के पुनः प्रारंभ होने की पूरी संभावना है;

(च) विभिन्न देशों से सामग्रियों की बड़ी मात्रा का आयात हुआ है, जिसकी औसत कीमत वर्षों तक बहुत कम बनी रही । ऐसी कीमतें बिक्री आय से कम थीं और वे घरेलू उद्योग की उत्पादन लागत से भी कम थीं ।

जारी पाटन को समाप्त करने के लिए वर्तमान पाटनरोधी शुल्कों को बढ़ाए जाने की आवश्यकता

संबद्ध देशों से पाटन मार्जिन में अत्यधिक वृद्धि हुई है और पाटन मार्जिनों में ऐसी वृद्धियों को समाप्त करने के लिए शुल्कों को बढ़ाना आवश्यक है । यूएसए और जापान से पाटित आयातों के मामले में घरेलू उद्योग ने पाटन मार्जिन का निर्धारण करने के लिए पर्याप्त और सटीक आंकड़े उपलब्ध कराए है, जिन पर विश्वास किया गया है ।

10. पाटन के जारी रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति की संभावना

पाटनरोधी कानूनों में यह अधिदेशित किया गया है कि प्राधिकारी द्वारा अनिवार्य रूप से इस तथ्य की जांच की जानी अपेक्षित है कि लागू शुल्क के समाप्त होने से पूर्व पाटन के जारी रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति की संभावना है अथवा नहीं ।

निर्णायक समीक्षा जांच में पाटन के जारी रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति की संभावना की जांच करने के लिए नियमावली में कोई विशिष्ट पद्धति निर्धारित नहीं की गई है । विश्व भर में जांचकर्ता प्राधिकारियों की पद्धतियों में भी एकरूपता नहीं है । भारत में, उत्तरदाता निर्यातकों के लिए अद्यतन अवधि हेतु पाटन मार्जिन का पुनः परिकलन किया जाता है, बशर्ते कि वर्तमान जांच अवधि में आयात किए गए हों । यदि समीक्षा अवधि में आयातों के संबंध में पाटन मार्जिन सकारात्मक रहा हो, तो इस बात की संभावना है कि पाटनरोधी शुल्कों के समाप्त कर दिए जाने के बाद भी पाटन जारी रहेगा । तथापि, यदि वर्तमान जांच अवधि में कोई निर्यात नहीं किए गए हैं तो इससे प्रदर्शित होता है कि पाटन की पुनरावृत्ति की संभावना नहीं है । इस मामले में अन्य संगत कारकों की जांच की जानी चाहिए । उदाहरणतः पाटन संबंधी प्रवृत्ति के साक्ष्य का निर्धारण, पाटनरोधी शुल्क के लागू रहने के दौरान निर्यातकों द्वारा तीसरे देश के बाजारों में पाटन संबंधी साक्ष्य पर विचार करके, आसानी से किया जा सकता है ।

याचिकाकर्ता निवेदन करते हैं कि पाटन के जारी रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति की जांच निम्नलिखित मानदण्डों पर विचार करके की जा सकती है:-

11. पाटन का जारी रहना

ऐसी स्थिति में, जहां निरंतर निर्यात हो रहे है, निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा इस बात की जांच की जानी चाहिए कि क्या वे पाटित कीमतों पर किए जा रहे हैं । यदि भारत को होने वाले निर्यात पाटित कीमतों पर नहीं किए जा रहे हैं तो इस बात की जांच की जानी चाहिए कि क्या तीसरे देशों को निर्यात पाटित कीमतों पर किए गए हैं और क्या यह प्रतीत होता है की निर्यात कीमतें उचित एवं विश्वसनीय हैं । यदि भारत को हो रहे निर्यात पाटित कीमतों पर किए जा रहे हैं तो इस बात को सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि पाटनरोधी शुल्क वापस ले लिए जाने की स्थिति में निर्यातक पाटित कीमतों पर संबद्ध वस्तु का निर्यात करना जारी रखेंगे ।

वर्तमान मामले में, यूएसए और जापान दोनों के निर्यातकों और उत्पादकों ने "पाटनरोधी शुल्कों" के लागू रहते हुए भी पाटित कीमतों पर सामग्री का निर्यात करना जारी रखा है ।

12. पाटन की पुनरावृत्ति

ऐसी स्थिति में जहां यह पाया जाता है कि संगत अवधि में संबद्ध देश से संबद्ध वस्तुओं का कोई निर्यात नहीं किया गया है, तो निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा इस बात की जांच की जानी चाहिए कि क्या लागू पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति के परिणामस्वरूप भारतीय घरेलू बाजार में पाटन की पुनरावृत्ति होगी । वर्तमान मामले में, जापान के उत्पादक एवं निर्यातक लागू पाटनरोधी शुल्क के कारण भारतीय बाजार को संबद्ध वस्तुओं का निर्यात करने हेतु बहुत अधिक उत्साहित नहीं हैं । अतः भारत में संबद्ध वस्तु का पाटन करने संबंधी विदेशी उत्पादकों की प्रवृत्ति हेतु लागू पाटनरोधी शुल्क एक निवारक का कार्य कर रहा है ।

इस बात की जांच करने के लिए कि क्या शुल्क की समाप्ति से जापान के निर्यातकों को एक बार फिर भारत को पाटित कीमतों पर संबद्ध वस्तुओं के बढ़े हुए स्तर पर निर्यात करने की अनुमति मिल जाएगी, निर्दिष्ट प्राधिकारी को यह जांच करनी चाहिए कि क्या जापान से तीसरे देशों को निर्यात पाटित कीमतों पर किए जा रहे हैं और उन निर्यात कीमतों की तुलना (क) भारत में अन्य स्रोतों से प्राप्त आयात कीमत; (ख) भारतीय उत्पादकों की बिक्री कीमत से कैसे की जा सकती है । भारतीय उत्पादकों ने यह निवेदन किया है कि ऐसी स्थिति में, जहां तीसरे देशों को निर्यात पाटित कीमतों पर किए जाते है और (क) ऐसी निर्यात कीमतें, भारत को अन्य देशों से होने वाले निर्यात की कीमतों से तुलनीय है; और (ख) आयातों की पहुँच कीमत, इस बात को ध्यान में रखते हुए कि ऐसी कीमतें घरेलू उद्योग की बिक्री कीमत से काफी कम है, इस बात को ध्यान में रखा जाना चाहिए कि इन देशों में उत्पादक वर्तमान पाटनरोधी शुल्क हटा लिए जाने की स्थिति में भारतीय बाजार में सामग्री का पाटन करना शुरू कर देंगे ।

याचिकाकर्ता निवेदन करते हैं कि तीसरे देशों के निर्यातों के संबंध में पाटन की संभावनाओं की जांच करना अन्य जांचकर्ता प्राधिकारियों की प्रवृति रहीं है विशेषकर तब जब वर्तमान अवधि में भारत को कोई निर्यात नहीं किए गए हैं । यदि ऐसे आयात पाटित कीमतों पर किए गए हैं, तो प्राधिकारियों का मानना है कि पाटनरोधी शुल्क हटा लिए जाने की स्थिति में पाटन की पुनरावृत्ति होगी ।

13. वर्तमान पाटन मार्जिन का स्तर

याचिकाकर्ता ने दायर की गई याचिका के खण्ड III में पाटन मार्जिनों के संबंध में पर्याप्त सूचना उपलब्ध कराई है । यह भी देखा जा सकता है कि पाटन मार्जिन लगातार काफी अधिक रहा है । पूर्व में समाप्त जांच में भी निर्दिष्ट प्राधिकारी ने पाटन मार्जिन काफी अधिक पाया था और संबद्ध देशों से संबद्ध वस्तुओं के आयात पर पाटनरोधी लगाते हुए जांच समाप्त की थी ।

14. तीसरे देशों से संबंधित पाटन

याचिकाकर्ता ने निवेदन किया है कि संबद्ध देशों से निर्यातक/उत्पादक, विश्वभर में पाटित कमतों पर भारी मात्रा का निर्यात कर रहे हैं ।

15. संबद्ध देशों में बेशी उत्पादन क्षमता

निम्न तालिका में जापान में एनीलिन के मांग-आपूर्ति अनुपात पर प्रकाश डाला गया है:-

विवरण	मीट्रन/वर्ष
मित्सुई केमिकल	124000
सुमिटोमो केमिकल कम्पनी	60000
होन्शू केमिकल	60000
न्यू जापान	60000
कुल क्षमता	304000
जापान में मांग	196000
बेशी क्षमता	108000

नोटः- मित्सुई निवेदन के अनुसार मित्सुई क्षमता
नोसिल के उत्तर में किए गए दावे के अनुसार
अन्य उत्पादकों की क्षमता
www.highbeam.com/library/doc0.asp?DOCID
में प्रकाशित समाचार के अनुसार जापान में मांग

जापान में मौजूद उपर उल्लिखित बेशी क्षमता के मद्देनजर, निर्यातक व्यापारियों के लिए भारत को संबद्ध वस्तु के पाटित कीमतों पर निर्यात पर कोई प्रतिबंध अथवा रोक मौजूद नहीं है । वर्तमान जांच अवधि में जापान से सूचित आयातों से यह प्रदर्शित होता है कि निर्यातक/उत्पादक भारतीय बाजार में संबद्ध वस्तुओं का लगातार पाटन कर रहे हैं और पाटनरोधी शुल्क की अनुपस्थिति में उनके द्वारा और अधिक पाटन किए जाने की संभावना है । जांच अवधि में यूएसए से पाटित कीमतों पर सूचित आयातों की पर्याप्त मात्रा, शुल्क वापस लिए जाने की स्थिति में अत्यधिक पाटन की संभावित स्थिति का एक संकेतक है ।

16. आयातों का पर्याप्त बाजार हिस्सा

संबद्ध देशों एवं अन्य देशों से आयातों के बाजार हिस्से के संबंध में सूचना, याचिका में दी गई है । यह देखा जा सकता है कि इन देशों से भारत में संबद्ध वस्तुओं की मांग में आयातों के बाजार हिस्से में वर्ष 2003-2004 तक गिरावट आई तथा जांच अवधि में इसमें वृद्धि प्रदर्शित हुई । अतः यदि शुल्क समाप्त कर दिया जाता है तो संबद्ध देशों के बाजार हिस्से में आगे और वृद्धि होगी । इस बात पर विश्वास

करने का कोई कारण नहीं है कि पाटनरोधी शुल्क समाप्त हो जाने की स्थिति में इन देशों के उत्पादक अत्यधिक उच्च मात्रा की बिक्री नहीं करेंगे और अपने बाजार हिस्से में वृद्धि नहीं करेंगे ।

17. भारत को पाटित निर्यातों में वृद्धि की संभावना

यूएसए एवं जापान में उत्पादकों एवं निर्यातकों के पास उत्पादन की बेशी क्षमता है । इन उत्पादकों द्वारा सृजित क्षमता उनके देशों में न केवल मांग से अधिक है बल्कि क्षमताएं अप्रयुक्त भी हैं । केवल एक उत्पादक की क्षमता भी कुल भारतीय मांग से उच्च है । पाटनरोधी शुल्क के लागू रहते हुए, संबद्ध देशों से पाटित कीमतों पर हो रहे लगातार आयात, भारतीय बाजार की ओर विदेशी उत्पादकों के रूझान का संकेतक है ।

अतः उपर्युक्त विश्लेषण से याचिकाकर्ता निम्नलिखित निष्कर्षों पर पहुँचे हैं :-

(क) संबद्ध देशों में बेशी क्षमता उपलब्ध है ।

(ख) संबद्ध देशों में उत्पादकों द्वारा सृजित क्षमता, उनके अपने देशों में मौजूद मांग से उच्च है । वे स्पष्टतः भारत सहित निर्यात बाजारों को लक्षित कर रहे हैं ।

(ग) उत्पादक और निर्यातक के पास पर्याप्त बेशी अप्रयुक्त क्षमता मौजूद है, जिसका उपयोग भारत सहित अन्य बाजारों पर पकड़ बनाने हेतु उत्पादन बढ़ाने के लिए किया जा सकता है ।

(घ) संबद्ध देशों से उत्पादकों एवं निर्यातकों द्वारा पाटन जारी है, जो लागू शुल्क की समाप्ति पर और अधिक बढ़ जाएगा ।

18. सामान्य मूल्य

घरेलू उद्योग ने दायर की गई याचिका में संबद्ध देशों में एनीलिन के सामान्य मूल्य में संबंधित सूचना उपलब्ध कराई है । घरेलू उद्योग ने सूचित किया कि यूएसए और जापान के घरेलू बाजारों में एनीलिन की कीमतों के विषय में उचित और प्रामाणिक साक्ष्य जुटाने हेतु प्रयास किए गए थे । इन देशों के उत्पादकों द्वारा घरेलू बाजार में उनकी बिक्रियों, अथवा उनके द्वारा तैयार किए गए वाणिज्यिक बीजकों अथवा यूएसए और जापान में अन्य व्यापारियों द्वारा की गई बिक्रियों की कीमत सूची के विषय में सूचना प्राप्त करने के भी प्रयास किए गए थे । तथापि, चूंकि उत्पाद का व्यापार खुदरा बाजार में नहीं किया जाता है इसलिए किसी प्रामाणिक स्रोत से प्रकाशित सूचना अथवा अन्यथा किसी सूचना का पता नहीं लगाया जा सकता ।

घरेलू उद्योग ने संबद्ध देशों में उत्पादन लागत के सर्वश्रेष्ठ अनुमान पर विचार करके संबद्ध देशों में सामान्य मूल्य का अनुमान लगाया है । जापान के लिए प्रमुख कच्ची सामग्री बेंजीन की लागत, अक्तूबर, 2003 से सितम्बर, 2004 की अवधि के लिए केमिकल वीकली में सूचित कीमत पर आधारित थी । अक्तूबर,2003 से सितम्बर, 2004 की अवधि के लिए यूएसए हेतु बेंजीन की कीमत प्लैट्स रिपोर्ट में सूचित कीमत पर आधारित थी । अन्य कच्ची सामग्रियों, परिवर्तन लागत, बिक्री, सामान्य और प्रशासनिक व्यय, घरेलू उद्योग के आंकड़ों पर आधारित हैं । घरेलू उद्योग ने निवेदन किया है कि इस संबंध में संबद्ध देशों में संबद्ध उत्पाद के सामान्य मूल्य का निर्धारण करने के लिए उनके द्वारा उपलब्ध

कराई गई सूचना पर, विश्वास किया जा सकता है क्योंकि संबद्ध देशों से निर्यातकों द्वारा पर्याप्त और विश्वसनीय सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है ।

प्राधिकारी पाते है कि यूएसए से निर्यातकों द्वारा प्रश्नावली का कोई उत्तर उपलब्ध नहीं कराया गया है । मै0 मित्सुई केमिकल्स जापान ने उत्तर प्रस्तुत किया है किन्तु उन्होंने जांच अवधि के दौरान भारत को कोई निर्यात नहीं किया है । उनके उत्तर में परिशिष्ट 7 के अनुसार लागत के आबंटन और संविभाजन से संबंधित सूचना पूर्ण नहीं है और परिशिष्ट 9 में एसजीए ऊपरी खर्चों के आबंटन से संबंधित जानकारी भी उपलब्ध नहीं कराई गई है । कम्पनी कई उत्पादों का उत्पादन करती है । पर्याप्त विवरण उपलब्ध नहीं कराया गया है जिससे कि दर्शाई गई उत्पादन लागत का सत्यापन उपलब्ध वित्तीय विवरणों से किया जा सके । वासतव में, उत्तर दायर करने का एकमात्र कारण इस बात का तर्क देना प्रतीत होता है कि निर्यातक ने वास्तव में उत्तर दिया है । घरेलू उद्योग ने तर्क दिया है कि जब तक निर्यातक द्वारा पूर्ण संगत सूचना उपलब्ध न करा दी जाए तब तक निर्यातक को असहयोगी माना जाना चाहिए । प्राधिकारी ने उपर्युक्त कारणों से जापान के निर्यातक के उत्तर को अपूर्ण पाया है । प्राधिकारी ने नियम 6(8) के अनुसार उपलब्ध तथ्यों पर आधारित जापान और यूएसए हेतु सामान्य मूल्य के निर्धारण के लिए घरेलू उद्योग द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना पर विचार किया है। ऐसा करते हुए, प्राधिकारी ने रसायन उद्योग में व्यापक रूप से परिचालित केमिकल वीकली में यथा सूचित जापान के लिए बैंजीन की कच्ची सामग्री की कीमत पर विश्वास किया है । यूएसए के लिए बेंजीन की कच्ची सामग्री की कीमत के संबंध में, अक्तूबर, 2003 से सितम्बर, 2004 की अवधि के लिए प्लैट्स रिपोर्ट में सूचित कीमत पर विचार किया गया है । उपयोगी वस्तुओं की लागत, परिवर्तन लागत, बिक्री सामान्य और प्रशासनिक व्यय का परिकलन, घरेलू उद्योग के कार्यकुशल उत्पादक की लागत के आधार पर किया गया है । सामान्य मूल्य का निर्धारण करने के लिए एक उचित लाभ मार्जिन भी जोड़ा गया है ।

19. निर्यात कीमत

घरेलू उद्योग ने दायर की गई याचिका में निर्यात कीमत का विस्तृत परिकलन उपलब्ध कराया है । याचिकाकर्ता द्वारा एकत्रित सूचना के अनुसार, कांडला पत्तन और जेएनपीटी/मुम्बई पत्तन से पर्याप्त मात्रा का आयात किया जाता है जिसे डीजीसीआई एंड एस द्वारा जारी सूचना में दर्शाया नहीं गया है । निर्यात कीमत का निर्धारण, डीजीसीआई एंड एस, कांडला और जेएनपीटी पत्तन द्वारा सूचित आयातों के आधार पर याचिका में दी गई सूचना के आधार पर किया गया है । समुद्री भाड़े, बीमा, सीमाशुल्क और हैंडलिंग, अंतर्देशीय व्यय, कमीशन अर्थात कारखाना द्वार स्तर पर व्ययों हेतु यथा निर्धारित निर्यात कीमत से उचित समायोजन किए गए हैं । प्राधिकारी द्वारा नियम 6(8) के संदर्भ में उपलब्ध तथ्यों के आधार पर उचित समझी गई सीमा तक याचिका में उपलब्ध सूचना का उपयोग किया गया हैं ।

20. पाटन मार्जिनः

प्राधिकारी ने पाटनरोधी नियमावली के अनुबंध-I के अनुसार सामान्य मूल्य, निर्यात कीमत और पाटन मार्जिन के निर्धारण को शासित करने वाले सिद्धांतों को अपनाने की संगत पद्धति का पालन किया

है । उपर्युक्तानुसार निर्धारित सामान्य मूल्य और निर्यात कीमत के आधार पर, प्राधिकारी ने निम्नलिखित पाटन मार्जिनों (%) का निर्धारण किया है:-

देश	पाटन मार्जिन (%)
जापान	49.75
यूएसए	78.33

छ. घरेलू उद्योग को क्षति
घरेलू उद्योग द्वारा उठाए गए मुद्दे

21. क्षति का मूल्यांकन - पाटनरोधी शुल्क वापस ले लिए जाने की स्थिति में घरेलू उद्योग को क्षति की पुनरावृत्ति

घरेलू उद्योग का यह कथन है कि निर्णायक समीक्षा में प्राधिकारी द्वारा इस तथ्य की जांच की जानी अपेक्षित है कि क्या पाटनरोधी करार के अनुच्छेद 11.3 और सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम की धारा 9क(5) और नियम 23 के अनुसार शुल्क की समाप्ति से पाटन और क्षति के जारी रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति की संभावना है ।

22. घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों का प्रभाव

पाटनरोधी शुल्क लागू किए जाने के पश्चात घरेलू उद्योग के कार्य-निष्पादन में सुधार आया है । तथापि, पाटनरोधी शुल्क लगाए जाने के बाद वर्तमान एवं नए स्रोतों से लगातार पाटन के कारण कार्य-निष्पादन में इष्टतम स्तर तक सुधार नहीं किया जा सका । घरेलू उद्योग को ईयू से पाटन के कारण क्षति का सामना करना पड़ा । घरेलू उद्योग प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त राहत सहायता का पूरा लाभ उठा सकने में समर्थ नहीं हुआ है । वास्तव में, घरेलू उद्योग की स्थिति नाजुक बनी हुई है ।

23. मांग का मूल्यांकन

उत्पाद की मांग में प्रस्तावित क्षति अवधि की तुलना में 11.58% की वृद्धि प्रदर्शित हुई है और भारत में उत्पाद की मांग में कमी नहीं हुई है । मौजूदा पाटनरोधी शुल्कों के परिणामस्वरूप पाटित आयातों के बाजार हिस्से में गिरावट आई है । जब पाटनरोधी शुल्क जारी रहने के बावजूद भारतीय बाजार में पाटित आयातों की अत्यधिक मौजूदगी है, तो भारतीय निवेदन करते हैं कि वर्तमान शुल्क वापस ले लिए जाने की स्थिति में आयातों में अत्यधिक वृद्धि की संभावना है ।

24. पाटित आयातों का मात्रा प्रभाव

	2001-02	2002-03	2003-04	जांच अवधि
देश	मात्रा	मी. टन	मात्रा	मी. टन
यूएसए	2001	3245	1052	1052
जापान	0	0	22	22
अन्य	8807	8426	12707	8155
कुल	10808	11670	13781	9229

यह स्पष्ट है कि

(क) पाटनरोधी शुल्क लागू किए जाने के पश्चात आयातों में काफी गिरावट आई है । तथापि प्रस्तावित जांच अवधि में यह पर्याप्त बनी रही है;

(ख) पाटनरोधी शुल्क लागू किए जाने के पश्चात जापान से आयात नगण्य स्तर पर पहुँच गए थे ।

यदि वर्तमान पाटनरोधी शुल्क वापस ले लिए जाते है, तो आयातों में आगे और वृद्धि होगी ।

25. पाटित आयातों का कीमत प्रभाव

कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में, नियमावली का अनुबंध-II (ii) संगत है ।

घरेलू बाजार में घरेलू उत्पाद की कीमत पर आयातों के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए, यह देखा जा सकता है कि संबद्ध देशों से निर्यातकों ने भारत को उनके निर्यातों के संबंध में कीमत को लगातार निम्नस्तर पर रखा है । घरेलू उद्योग की निवल बिक्री वसूली का निर्धारण, करों और शुल्कों, रिबेटों, छूटों और कमीशनों को छोड़कर बिक्री कीमत पर विचार करके किया गया है । घरेलू उद्योग की समग्र बिक्री मात्रा को परिकलन में शामिल किया गया है । आयातों की पहुँच कीमत का निर्धारण 1% उतराई प्रभार और लागू आधारभूत सीमाशुल्क सहित भारित औसत सीआईएफ कीमत पर विचार करके किया गया है । यह देखा जा सकता है कि जापान और यूएसए से आधारभूत सीमाशुल्क को शामिल करने के पश्चात पहुँच कीमत, घरेलू उद्योग की निवल बिक्री वसूली से काफी कम थीं । समीक्षाधीन अवधि के दौरान कीमत कटौती काफी सकारात्मक रही है और शुल्क के समाप्त किए जाने की स्थिति में क्षति की पुनरावृत्ति की संभावना पर विचार करते हुए इसकी जांच की जाने की आवश्यकता है ।

26. घरेलू उद्योग से संबंधित आर्थिक मानदण्ड

नियम के अनुबंध-II में यह अपेक्षित है कि क्षति के निर्धारण में, ऐसे उत्पादों के घरेलू उत्पादकों के संबंध में इन आयातों के तदनन्तर प्रभाव की वस्तुगत जांच शामिल होगी । घरेलू उद्योग के कार्य निष्पादन की जांच से यह पता चलता है कि घरेलू उद्योग को शुल्क के लगाए जाने से लाभ हुआ है और इसके कार्य निष्पादन में विभिन्न मानदण्डों के अनुसार सकारात्मक वृद्धि प्रदर्शित हुई है । घरेलू उद्योग की लाभप्रदत्ता की स्थिति, वित्तीय घाटों, प्रतिकूल नकद प्रवाह और निवेश पर नकारात्मक आय की स्थिति रही है और इसका कारण संबद्ध देशों से लगातार पाटन और ऐसे पाटित आयातों की मौजूदगी में उद्योग के समक्ष कच्ची सामग्री की लागतों से हुई अत्यधिक वृद्धि को उपभोक्ताओं तक पहुँचाने में आ रही कठिनाईयों के कारण है । तथापि, जैसा कि क्षति के जारी रहने अथवा उसकी पुनरावृत्ति की संभवना शीर्ष के तहत विचार-विमर्श किया गया है, यदि वर्तमान में लागू पाटनरोधी शुल्क को समाप्त कर दिया जाता है तो घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति अत्यधिक बढ़ जाने की संभावना है । भारतीय उत्पादकों ने निवेदन किया है कि घरेलू उद्योग के कार्य निष्पादन की जांच से यह पता चलता है कि संबद्ध देशों, तथा अन्य देशों पर भी पाटनरोधी शुल्क लागू किए जाने से घरेलू उद्योग को अपने कार्य निष्पादन में सुधार करने हेतु सहायता प्राप्त हुई है । तथापि, लगातार पाटन के कारण घरेलू उद्योग के कार्यनिष्पादन में

इष्टतम स्तर तक सुधार नहीं आ पाया है । इसके अतिरिक्त यदि वर्तमान पाटनरोधी शुल्क हटा लिया जाता है तो घरेलू उद्योग को होने वाली क्षति की पुनरावृत्ति होगी और वह अत्यधिक बढ़ जाएगी ।

(क) **उत्पादन, क्षमता और क्षमता उपयोग में वास्तविक और संभावित गिरावट**

यह स्पष्ट है कि वर्तमान जाँच अवधि तक घरेलू उद्योग के उत्पादन और क्षमता उपयोग में वृद्धि हुई थी ।

(ख) **लाभ**

यह स्पष्ट है कि वर्तमान जांच अवधि तक घरेलू उद्योग की लाभप्रदता की स्थिति में पर्याप्त सुधार प्रदर्शित हुए थे । यद्यपि वतमान जाँच अवधि में घाटे में कमी आई थी, तथापि वर्तमान उद्योग को घाटा होना जारी रहा । ऐसी स्थिति में यह स्पष्ट है कि पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति से घरेलू उद्योग के लाभ में एक बार फिर गिरावट आएगी ।

(ग) **बाजार हिस्सा**

भारतीय मांग में संबद्ध देशों से आयातों के हिस्से में यद्यपि पाटनरोधी शुल्क लागू होने के बाद कमी आई थी, तथापि वर्तमान जांच अवधि में यह पर्याप्त था । यह भी देखा जा सकता है कि घरेलू उद्योग और भारतीय उद्योग का बाजार हिस्सा जिसमें मूल जांच में संबद्ध देशों से आयातों के कारण गिरावट आ रही थी, में वर्तमान जांच की जांच अवधि तक वृद्धि की प्रवृत्ति प्रदर्शित होने लगी थी इससे वर्तमान पाटनरोधी शुल्कों का सकारात्मक प्रभाव प्रदर्शित होता है । ऐसे मामले में, यदि पाटित कीमतों पर आयातों की अनुमति दी जाती है तो भारतीय उद्योग के बाजार हिस्से में गिरावट आएगी । भारतीय उद्योग, शुल्क के आरोपण के कारण अपनी बिक्री और बाजार हिस्से को कायम रखने और उनमें सुधार करने में सक्षम हो सका है ।

(घ) **रोजगार एवं वेतन**

रोजगार के स्तर में गिरावट के परिणामस्वरूप एचओसीएल के संबंध में घरेलू उद्योग के वेतन में गिरावट की प्रवृत्ति प्रदर्शित हुई है । घरेलू उद्योग प्रति इकाई उत्पादन पर वेतन में कमी करने में सक्षम रहा था ।

(ड.) **उत्पादकता**

जांच की अवधि के दौरान उत्पादन में सुधारों और रोजगार के स्तर में कमी के साथ-साथ प्रति कर्मचारी उत्पादकता में सुधार हुआ है ।

च) घरेलू कीमतों को प्रभावित करने वाले कारक

कीमतों पर पाटित आयातों के प्रभाव के संबंध में प्राधिकारी द्वारा यह विचार किया जाना अपेक्षित है कि क्या भारत में समान उत्पाद की कीमत की तुलना में पाटित आयातों के कारण अत्यधिक कीमत कटौती हुई है अथवा क्या ऐसे आयात का प्रभाव कीमतों को अन्यथा अत्यधिक मात्रा तक कम करना अथवा कीमत वृद्धि को रोकना है जो अन्यथा काफी मात्रा हो गई होती । यह देखा जाएगा कि

क) जापान और अमरीका से पहुंच कीमतें घरेलू उद्योग की निवल बिक्री वसूली से अत्यधिक कम रही हैं । अतः पाटनरोधी शुल्क को वापिस लेने के परिणामस्वरूप अत्यधिक कीमत कटौती होगी;

ख) पाटन से संबंधित सभी स्रोतों पर पाटनरोधी शुल्क लगाने के पश्चात जांच अवधि में कीमतों में सुधार हुआ है ।

एनिलाइन उद्योग अत्यधिक कीमत संवेदनशील उद्योग है । आयात कीमतों में किसी परिवर्तन से घरेलू बाजार की कीमतें प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होती हैं । घरेलू और आयातित उत्पाद के बीच कीमत के विशाल अन्तर के मद्देनजर यह स्पष्ट है कि कीमत में किसी अन्तर के परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग पर अत्यधिक कीमत दबाव होगा ।

छ) निवेशों पर आय और नकदी प्रवाह

यह स्पष्ट है कि शुल्क लगाने के पश्चात घरेलू उद्योग की पीबीआईटी में सुधार आया । तथापि, घरेलू उद्योग की पीबीआईटी अभी तक सकारात्मक स्तरों तक नहीं पहुंच पाई है । घरेलू उद्योग की नकारात्मक पीबीआईटी जारी रही और इसके फलस्वरूप नकदी प्रवाह और निवेशों पर आय होती रही ।

ज) मालसूचियाँ

कंपनी के समर्पित प्रयासों द्वारा और मौजूदा पाटनरोधी शुल्कों के सकारात्मक प्रभाव के रूप में मालसूचियों की मात्रा इन वर्षों के दौरान नगण्य रहीं ।

झ) वृद्धि

घरेलू उद्योग की वृद्धि को निम्नलिखित तालिका में दर्शायी गई है:-

वृद्धि	इकाई	2002-03	2003-04	जांच अवधि
कारोबार में वृद्धि	%	16.38	-17.02	33.46
बिक्री मात्रा में वृद्धि	%	5.59	-12.71	11.75
कैप्टिव के साथ मांग में वृद्धि	%	11.39	0.04	0.13
आयातों में वृद्धि	%	7.98	18.08	-33.03
उत्पादन में वृद्धि	%	10.77	-9.44	12.62
क्षमता उपयोग में वृद्धि	%	10.77	-9.44	12.62
बिक्री कीमत में वृद्धि	%	10.22	-4.94	19.43
उत्पादन लागत में वृद्धि	%	7.49	1.18	-0.95

उपर्युक्त से यह स्पष्ट है कि घरेलू उद्योग की वृद्धि में अनेक मापदंडों में सकारात्मक प्रवृत्ति प्रदर्शित हुई है । विभिन्न मापदंडों में घरेलू उद्योग की वृद्धि प्रचलित पाटनरोधी शुल्कों का परिणाम है क्योंकि इससे घरेलू उद्योग को अपना बाजार हिस्सा प्रात करने अथवा बनाये रखने में सहायता मिली है । यद्यपि, कुछेक मापदंडों के संबंध में घरेलू उद्योग की वृद्धि में सुधार आया है, तथापि वित्तीय घाटे, नकदी प्रवाह और निवेशों पर आय पर विचार करते हुए इस स्थिति को संतोषजनक नहीं माना जा सकता है ।

अतः उपर्युक्त विश्लेषण के मद्देनजर एक बार पुनः यह दोहराया जाता है कि जापान और अमरीका के विरुद्ध लागू पाटनरोधी शुल्क की समीक्षा करने और इसे जारी रखने के लिए जांच एक निर्णायक समीक्षा जांच है । इसलिए इन विभिन्न स्रोतों पर पाटनरोधी शुल्क लगाने के परिणामस्वरूप घरेलू उद्योग के कार्य निष्पादन में सुधार हुआ है । तथापि, घरेलू उद्योग का कार्य-निष्पादन इष्टतम से कम होना जारी है और उद्योग स्पष्ट रूप से नाजुक स्थिति में है । ऐसी स्थिति में इस समय जब पाटन जारी है और घरेलू उद्योग पूरी तरह से सामान्य नहीं हो पाया है, पाटनरोधी शुल्क पापिस लेने से क्षति के पुनः होने की संभावना का संकेत मिलता है । किसी भी स्थिति में इस बात को मानते हुए हालांकि इसे स्वीकार न करते हुए कि समीक्षा जांच अवधि में घरेलू उद्योग को क्षति नहीं हो रही थी, यह तथ्य

कि घरेलू उद्योग को क्षति पहुंचाने के लिए आयात जारी नहीं रखे जा रहे हैं मौजूदा पाटनरोधी उपायों को हटाने के लिए स्वयं में एक कारण नहीं है ।

घरेलू उद्योग की क्षति का विश्लेषण करते हुए निर्दिष्ट प्राधिकारी कृपया लागू पाटनरोधी शुल्क के प्रभाव पर विचार करें जिसके परिणामस्वरूप क्षति के विभिन्न मापदंडों में सकारात्मक सुधार हुआ होता । घरेलू उद्योग की किसी मौजूदा क्षति के अभाव में माननीय निर्दिष्ट प्राधिकारी के लिए क्षति की पुनरावृत्ति की संभावना की जांच करके घरेलू उद्योग की क्षति जो लागू पाटनरोधी शुल्क के अभाव अथवा समाप्ति पर सन्निकट है, की जांच करना अपेक्षित है ।

27. **निर्णायक समीक्षा जांच में क्षति के जारी रहने अथवा पुनः होने की संभावना**

एक निर्णायक समीक्षा शुरू करने के उद्देश्य होते हैं -

- यह जांच करना कि क्या पाटन को रोकने के लिए शुल्क लगाना आवश्यक है, अथवा
- दोनों

निर्णायक समीक्षा जांच के अंतर्गत घरेलू उद्योग की क्षति का निर्धारण इस जांच पर आधारित होना चाहिए कि क्या पाटनरोधी उपाय की समाप्ति के परिणामस्वरूप क्षति जारी रहेगी अथवा इसकी पुनरावृत्ति होगी । लागू शुल्क की समाप्ति के प्रभाव का निर्धारण करने के लिए निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा पाटन और क्षति दोनों के जारी रहने अथवा पुनः होने की संभावना के संबंध में जांच की जानी अपेक्षित है । संबद्ध वस्तु के आयातों के प्रभाव की संभावना का मूल्यांकन करने में किसी निर्णायक समीक्षा में प्राधिकारी के लिए घरेलू उद्योग की स्थिति पर प्रभाव डालने वाले "सभी संगत आर्थिक कारकों " की जांच करना अपेक्षित है परन्तु यह जांच किसी पाटनरोधी जांच में जांच किए गए इन मापदंडों तक ही सीमित नहीं है । क्षति के जारी रहने अथवा पुनरावृत्ति होने की संभावना का निर्धारण करने के लिए निर्दिष्ट प्राधिकारी परिमाणित किए गए चार कारकों की जांच करने पर विचार कर सकते हैं;

1. निर्यातक देश में उत्पादन क्षमता अथवा मौजूदा अप्रयुक्त उत्पादन क्षमता में कोई संभावित वृद्धि ।

2. संबद्ध वस्तु की मौजूदा माल सूचियां, अथवा माल सूचियों में संभावित वृद्धि;
3. संबद्ध वस्तु के भारत से इतर देशों में आयात करने पर अवरोधों की मौजूदी;
4. यदि दूसरे देश में उत्पादन सुविधाओं जिनका संबद्ध वस्तु का उत्पादन करने के लिए प्रयोग किया जा सकता है, को वर्तमान में अन्य उत्पादों का उत्पादन करने के लिए प्रयोग किया जा रहा है तो उत्पाद बदलने की संभावना ।

निर्णायक समीक्षा से संबंधित प्रावधान के पीछे प्रयोजन को ध्यान में रखते हुए माननीय निर्दिष्ट प्राधिकारी के लिए इस बात पर विचार करना अपेक्षित है कि क्या लागू शुल्क की समाप्ति से पाटन और क्षति जारी रहने अथवा इनकी पुनरावृत्ति होने की संभावना होगी । अतः निर्णायक समीक्षा जांच के अंतर्गत क्षति विश्लेषण के लिए क) घरेलू उद्योग को क्षति जारी रहने की संभावना, ख) घरेलू उद्योग को क्षति की पुनरावृत्ति होने की संभावना और ग) और अधिक क्षतिकारी पाटन और क्षति की संभावना का संकेत देने वाले बाजार के अन्य साक्ष्य की जांच की जानी अपेक्षित है । ऊपर उल्लिखित मानदंडों की निम्नलिखित दो स्थितियों द्वारा व्याख्या की जा सकती है:-

क. क्षति के जारी रहने की संभावना:

वर्तमान मामले में घरेलू उद्योग द्वारा उठाई गई क्षति को यथासंभव कम किया गया था और उद्योग ने आदेश की अवधि के दौरान कुछ मापदंडों में सकारात्मक कार्य-निष्पादन प्रदर्शित किया है । तथापि, घरेलू उद्योग को वित्तीय घाटा होना जारी रहा था और इसे अभी उचित लाभ अर्जित करना था । यह उम्मीद है कि लगाए गए पाटनरोधी शुल्क के नियंत्रण के अंतर्गत घरेलू उद्योग की स्थिति में सुधार आयेगा । अतः घरेलू उद्योग का कार्यनिष्पादन संवेदनशील रहा है और घरेलू उद्योग को पूर्ण रूप से सामान्य होने से रोका गया है । यदि यह मान भी लिया जाता है कि घरेलू उद्योग को कोई निरंतर क्षति नहीं हो रही है, तो लागू शुल्क को वापिस लेने की स्थिति में घरेलू उद्योग को क्षति की पुनरावृत्ति होने की संभावना है ।

धारा 9क(5) में निर्दिष्ट प्राधिकारी के लिए यह जांच करना अपेक्षित है कि क्या पाटनरोधी शुल्कों को वापिस लेने की स्थिति में पाटन होने और घरेलू उद्योग को क्षति की पुनरावृत्ति होने की संभावना है । घरेलू उद्योग का वर्तमान कार्य-निष्पादन केवल इसी सीमा तक प्रासंगिक है कि इससे क्षति जारी रहने की मौजूदगी अथवा अन्यथा प्रदर्शित होता है । यदि निर्दिष्ट प्राधिकारी यह माने कि घरेलू उद्योग को

निरन्तर क्षति नहीं हुई है तो यह नोट किया जाना चाहिए कि वर्तमान कार्य-निष्पादन में सुधार लागू पाटनरोधी शुल्क के कारण है और ऐसी स्थिति में निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा घरेलू उद्योग को क्षति की पुनरावृत्ति होने की संभावना की जांच की जानी अपेक्षित है ।

ख. क्षति की पुनरावृत्ति की संभावनाः

ऐसी किसी स्थिति में जहां घरेलू उद्योग को कोई निरन्तर क्षति नहीं हुई हो, निर्दिष्ट प्राधिकारी के लिए लागू पाटनरोधी शुल्क की समाप्ति की स्थिति में घरेलू उद्योग को क्षति की पुनरावृत्ति होने की संभावना की जांच करना अनिवार्य होता है । वर्तमान मामले में यद्यपि लागू शुल्क के कारण घरेलू उद्योग सकारात्मक कार्य निष्पादन प्रदर्शित कर रहा है तथापि घरेलू उद्योग की स्थिति संवेदनशील बनी रही और घरेलू उद्योग को अपने कार्य-निष्पादन में पूर्ण समुत्थान करने से रोका गया ।

पाटन और क्षति की पुनरावृत्ति की संभावना के लिए निम्नलिखित प्रासंगिक होगाः-

1. क्या पाटन और क्षति जारी रही;
2. क्या क्षति की समाप्ति आंशिक रूप से अथवा अनन्य रूप से मौजूदा उपायों के कारण है;
3. क्या निर्यातकों की परिस्थितियां अथवा बाजार स्थितियां ऐसी हैं कि इनसे और अधिक क्षतिकारी पाटन की संभावना का संकेत मिलता है ।

क्षति अवधि के दौरान आयातों की मात्रा आयात कीमतों का स्तर, गैर संबद्ध देशों से आयातों का स्तर एवं इनकी कीमत, कीमत जिस पर विदेशी उत्पादकों द्वारा उत्पाद का अन्य बाजारों में निर्यात किया गयाहै, विदेशी उत्पादकों के पास उपलब्ध अधिशेष अप्रयुक्त क्षमताओं के मद्देनजर यह अपरिहार्य है कि पाटनरोधी शुल्क को वापिस लेने से आयातों में अत्यधिक वृद्धि की संभावना होगी । ऐसी किसी स्थिति में जहां लागू पाटनरोधी शुल्क की मौजूदगी के बावजूद वस्तुओं का भारत को निर्यात किया गया हो, यदि पाटनरोधी शुल्कों को हटायाजाता है तो ज्यादा से ज्यादा आयात की मात्रा में और वृद्धि होने की संभावना है ।

28. कीमत प्रभाव

घरेलू उद्योग की निवल बिक्री वसूली और अमरीका एवं जापान से आयातों की पहुंच कीमत के बीच तुलना की गई थी जिससे यह प्रदर्शित होता है कि यदि वर्तमान शुल्कों को वापिस लिया जाता है तो अत्यधिक सकारात्मक कीमत कटौती इस स्थिति की एक सूचक है । अतः पाटनरोधी शुल्क वापिस लेने की स्थिति में आयातों के परिणामस्वरूप अत्यधिक कीमत कटौती होगी । स्पष्ट तौर पर पाटनरोधी शुल्क वापिस लेने की स्थिति में घरेलू उद्योग पर पाटित आयातों का प्रभाव बिल्कुल प्रतिकूल होगा ।

29. क्षति की पुनरावृत्ति की संभावना का संकेत देने वाले अन्य कारके घरेलू उद्योग का निवेदन है कि निम्नलिखित कारकों से इस बात का संकेत मिलता है कि यदि वर्तमान लागू शुल्क को वापिस लिया जाता है तो घरेलू उद्योग को क्षति होने की संभावना है ।

क) तीसरे देश को पाटन

घरेलू उद्योग का निवेदन है कि संबद्ध देशों के उत्पादक और निर्यातक एनिलाइन का विश्व के अन्य बाजारों में भी पाटन कर रहे हैं । तीसरे विश्व बाजार में ऐसे पाटन के कारणों को इन देशों में उत्पादकों के पास विद्यमान उत्पाद में बढ़ती हुई अधिशेष क्षमताओं के संदर्भ में देखा जाना है ।

जब इन देशों में उत्पादक इतनी अधिक मात्राओं का पाटन कीमतों पर तीसरे देशों को निर्यात कर रहे हैं तो यह विश्वास करने का कोई आधार नहीं बनता है कि भारत को उनकी निर्यात कीमत उस कीमत से वास्तविक रूप से अधिक होने की संभावना है जिस कीमत पर जांच अवधि में तीसरे देशों क वस्तुओं का निर्यात किया गया है ।

ख) घरेलू उद्योग की संवेदनशीलता

घरेलू उद्योग को कुछ समय से पाटित आयातों यद्यपि भिन्न-भिन्न स्रोतों से इससे इस बात की साफतौर पर पुष्टि होती है कि घरेलू उद्योग को पाटित

आयातों से क्षति पहुंच सकती है । इस बात की काफी संभावना है कि शुल्क हटाये जाने से भारतीय बाजार में इस सामग्री की बाढ़ आ जाएगी ।

ग) निर्यातकों की पर्याप्त उत्पादन क्षमता

संबद्ध देशों के उत्पादकों के पास पर्याप्त अधिशेष उत्पादन क्षमता है, जबकि उनके देशों में उत्पाद की मांग काफी कम है । एनिलाइन की काफी मात्रा का इन देशों से निर्यात किया जा रहा है । इस सामग्री का निर्यात करने और इसे घरेलू बाजार में बेचने के बाद भी इन देशों में उत्पादकों के पास काफी अप्रयुक्त क्षमताएं विद्यमान हैं । अतः वर्तमान शुल्क को हटाये जाने से भारतीय बाजार में अत्यधिक आयात होंगे ।

घ) आयातों का बाजार में बड़ा हिस्सा

इन देशों से भारत में संबद्ध वस्तु की मांग में आयातों का बाजार हिस्सा काफी अधिक है । इसलिए यदि लागू शुल्क हटाया जाता है तो संबद्ध देशों का बाजार हिस्सा बढ़ जाएगा । ऐसा कोई कारण नहीं है जिससे यह विश्वास किया जा सके कि इन देशों के उत्पादक भारतीय बाजार में अत्यधिक मात्रा की बिक्री नहीं करेंगे और यदि पाटनरोधी शुल्क हटाया जाता है तो अपना बाजार हिस्से में वृद्धि नहीं करेंगे ।

ड.) पाटन मार्जिनों का स्तर

वर्तमान जांच अवधि में किए गए निर्यातों के संबंध में पाटन मार्जिन काफी अधिक है । पूर्ववर्ती समाप्त जांच में भी निर्दिष्ट प्राधिकारी ने काफी अधिक पाटन मार्जिन ज्ञात किया था । वस्तुतः मूल जांच तथा वर्तमान जांच अवधि में पाटन मार्जिन में वृद्धि हुई है ।

च) विदेशों-उत्पादकों का निर्यातोन्मुखीकरण

संबद्ध देशों में उत्पादकों ने घरेलू मांग से काफी अधिक क्षमताओं का निर्माण किया है । स्पष्ट रूप से इन क्षमताओं का सृजन निर्यात बाजारों को देखते

हुए किया गया है । भारतीय बाजार अपने आकार के अनुसार बड़े बाजारों में से एक रहा है इसलिए शुल्क हटाने से आयातों में अत्यधिक वृद्धि होगी ।

छ) भारतीय बाजार की कीमत आकर्षण

वह कीमत जिस पर भारतीय बाजार में सामग्री की बिक्री की जा रही है, उस कीमत से अधिक है जिस पर कुछ अन्य देशों को सामग्री का निर्यात किया जा रहा है । भारतीय बाजार में प्रचलित कीमतें कुछेक अन्य बाजारों से अधिक हैं जहाँ विदेशी उत्पादक सामग्री की बिक्री कर रहे हैं । अतः शुल्क समाप्त करने की स्थिति में भारतीय बाजार निर्यातकों की स्वाभाविक पसंद होगा ।

पूर्वोक्त को देखते हुए, यह स्पष्ट है कि

क) घरेलू उद्योग को जापान और अमरीका से जारी पाटित आयातों से लगातार क्षति उठानी पड़ रही है ।

ख) पाटनरोधी शुल्क हटाये जाने से घरेलू उद्योग को क्षति की पुनरावृत्ति होगी ।

30. समीक्षा जांच में कारणात्मक संबंध प्रासंगिक नहीं हैं

भारतीय उत्पादकों का यह अनुरोध है कि समीक्षा जांच में कारणात्मक संबंध प्रासंगिक नहीं हैं । समीक्षा याचिका का मुख्य उद्देश्य है:-

क) यह जांच करना कि क्या पाटन को रोकने के लिए शुल्क को लागू करना करना आवश्यक है; या

ख) यह जांच करना कि क्या यदि शुल्क को हटाया या उसमें परिवर्तन किया जाता है तो क्षति जारी रहेगी या इसकी पुनरावृत्ति होगी; या

ग) ये दोनों होंगे ।

इस प्रकार समीक्षा जंच का उद्देश्य यह निर्धारित करना है कि क्या लागू शुल्क को हटाना पाटन और क्षति के जारी रहने या उसकी पुनरावृत्ति की संभावना पर विचार करते हुए न्यायसंगत है ।

कारणात्मक संबंध मूल जांच में पहले ही निर्धारित किया गया है । वर्तमान समीक्षा जांच में, माननीय निर्दिष्ट प्राधिकारी को यह जांच करनी होगी कि क्या पाटनरोधी शुल्क हटाये जाने से पाटन एवं क्षति के जारी रहने/उनकी पुनरावृत्ति होने की संभावना है ।

उपर्युक्त के बावजूद, भारतीय उत्पादकों का यह अनुरोध है कि संबद्ध वस्तु के बारे में घरेलू उद्योग की स्थिति और संबद्ध देशों से पाटन के बीच कारणात्मक संबंध मौजूद हैं, जैसाकि निम्नलिखित अनुरोधों से देखा जा सकता है ।

अन्य कारकों से घरेलू उद्योग को क्षति नहीं हुई है:- भारतीय उत्पादकों का अनुरोध है कि अन्य ज्ञात सूचीबद्ध कारकों से घरेलू उद्योग को क्षति नहीं हुई है, जैसाकि नीचे दर्शाया गया है:-

क) **उन आयातों की मात्रा एवं मूल्य जिन्हें पाटित कीमतों पर नहीं बेचा गया है:-** भारतीय उत्पादकों ने पहले संबद्ध देशों समेत सभी देशों से आयातों की मात्रा एवं मूल्य संबंधी सूचना उपलब्ध कराई थी । यह देखा जाता है कि (i) अन्य देशों से आयातों की मात्रा या तो निर्धारित न्यूनतम सीमा से कम है; य (ii) इन देशों की आयात कीमतें संबद्ध देशों से आयात कीमत से काफी अधिक है; या (iii) इन देशों से आयातों पर पहले से पाटनरोधी शुल्क लागू है ।

ख) **मांग में संकुचन:** संलग्न क्षति वितरण में संपूर्ण क्षति अवधि में विचाराधीन उत्पाद की मांग के संबंध में पर्याप्त सूचना दी गई है । यह देखा जाता है कि विचाराधीन उत्पाद की मांग में कोई नकारात्मक वृद्धि नहीं हुई है । मांग में संकुचन वह संभव कारण नहीं है जिससे घरेलू उद्योग को क्षति हो सकती हो।

ग) **खपत की प्रवृत्तियों में परिवर्तन:** विचाराधीन उत्पाद के संबंध में खपत की प्रवृत्ति में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है । खपत की प्रवृत्ति में परिवर्तन घरेलू उद्योग को हुई क्षति का कारण नहीं हो सकता है ।

घ) **व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रथाएं और विदेशी एवं घरेलू उत्पादकों के बीच प्रतिस्पर्धा;** ऐसी कोई व्यापार प्रतिबंधात्मक प्रथाएं नहीं हैं जिनसे घरेलू उद्योग को क्षति हुई हो ।

ड.) **प्रौद्योगिकी में विकासः** उत्पाद के उत्पादन की प्रौद्योगिकी में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है । प्रौद्योगिकी में विकास क्षति का कारण नहीं है ।

च) **उत्पादकताः** घरेलू उद्योग की उत्पादकता में विकृति नहीं आई है । इस प्रकार नहीं का जा सकता है कि घरेलू उद्योग को उत्पादकता में गिरावट के कारण क्षति हुई है ।

भारतीय उत्पादकों का अनुरोध है कि एक बार यह दर्शाने के बाद किः

(क) अनुबंध II के पैराग्राफ (ii) के अंतर्गत पाटित आयातों से मात्रा एवं कीमत संबंधी प्रभाव पड़ा है,

(ख) पाटित आयातों द्वारा हुई क्षति का प्रभाव अनुबंध II के पैराग्राफ (iv) में निर्धारित मानदंडों के अनुसार प्रदर्शित होता है ।

अतः यह निष्कर्ष निकालने का एकमात्र आधार कि क्षति पाटित आयातों के कारण नहीं हुई है, गैर-उत्तरदायी विश्लेषण अर्थात यह कि क्षति अन्य कारकों के कारण हुई है । जैसाकि पूर्ववर्ती पैराग्राफों में दर्शाया गया है कि, सूचीबद्ध अन्य ज्ञात कारक यह निर्धारित नहीं करते हैं कि घरेलू उद्योग को क्षति इन अन्य कारणों से हुई है । ऐसे मामले में, एकमात्र अपरिहार्य निष्कर्ष यह है कि घरेलू उद्योग को क्षति संबद्ध देशों से पाटित आयातों के कारण हुई है ।

